आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसआईआर अभ्यास का समर्थन करते हुए कहा – संविधान, निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार देता है।
- द्वीपों में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन के चलते आज से यातायात पुलिस की ओर से यातायात परामर्श जारी किया गया है।
- दीपावली को UNESCO की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में आधिकारिक रूप से शामिल किए जाने पर कल द्वीपसमूह में कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।
- जहाजरानी सेवा निदेशालय ने बैरन द्वीप के लिए जनवरी माह के राउंड क्रूज़ कार्यक्रम की घोषणा कर दी है।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विशेष गहन संशोधन–एसआईआर अभ्यास का समर्थन करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि संविधान, निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर, निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है और इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को शुद्ध करना है। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान, श्री अमित शाह ने एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष, इस मुद्दे पर झूठ फैला रहा है और देश, सरकार और निर्वाचन आयोग की छवि धूमिल कर रहा है। उन्होंने दोहराया कि निर्वाचन आयोग सरकार के अधीन काम नहीं करता है।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि सरकार ने लोक प्रसारक प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से आपदा चेतावनी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देश के प्रत्येक व्यक्ति तक मजबूती से पहुंचाना सुनिश्चित किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं, जन–परामर्श और आपदा संबंधी सूचनाओं का ग्रामीण, दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रसार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती अपने सोशल मीडिया के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक तक सूचनाओं का प्रसार करता है।

<><><><><><><>

द्वीपों में अतिविशिष्ट अतिथियों के आगमन के चलते यातायात पुलिस की ओर से यातायात परामर्श जारी किया गया है। इस के मद्देनजर आज दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक और रात नौ बजे से दस बजे के बीच वीआईपी रोड, एयरपोर्ट रोड, डॉलीगंज रोड। कल सुबह साढ़े नौ बजे से रात आठ बजे तक वीआईपी रोड, एयरपोर्ट रोड, डॉलीगंज रोड, नेताजी स्टेडियम से मरीना पार्क तक का मार्ग, पुलिस लाइन्स जंक्शन और भातुबस्ती से चिड़ियाटापू का क्षेत्र, 13 तारीख को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक' डॉलीगंज, एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड और नेताजी स्टेडियम से मरीना पार्क रोड। इसके अलावा चौदह दिसम्बर को दोपहर साढ़े बारह बजे से डेढ़ बजे तक' डॉलीगंज रोड, एयरपोर्ट रोड, वीआईपी रोड से आवाजाही बंद रहेगी। किसी भी तरह की आपातकालीन यात्रा संबंधी सेवाओं के लिए यातायात नियंत्रण कक्ष में .243812, थर्ड आई व्हाट्सएप नम्बर 9531892228 और दक्षिण अंडमान एस डी पी ओ से 232405 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

वस्त्र मंत्रालय में सचिव नीलम शमी राव ने कहा है कि सरकार के शिल्प दीदी कार्यक्रम ने महिला उद्यमियों को अपनी आय बढ़ाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि कुछ शिल्प दीदियों की आय 5 लाख रुपये से अधिक हो गई है। वस्त्र सचिव ने राष्ट्रीय हस्तशिल्प और विरासत सप्ताह के अवसर पर बताया कि इस पहल से सरकार देश की महिला कारीगरों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए मंच प्रदान कर रही है।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर में, प्रयास ने अंडमान निकोबार राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सहयोग से कानूनी जागरूकता सत्र का आयोजन किया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राशिद आलम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नियाज़ आलम, और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–सह–सचिव सम्राट रॉय, उपस्थित थे। इस सत्र का उद्देश्य प्रशिक्षु शिक्षकों को मानवाधिकारों के मूलभूत सिद्धांतों, संवैधानिक सुरक्षा उपायों, और एक न्यायपूर्ण व जागरूक समाज के निर्माण में कानूनी साक्षरता की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करना था। वक्ताओं ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिकता और अविभाज्यता, उनकी सुरक्षा के लिए संवैधानिक और कानूनी ढाँचों, तथा इन अधिकारों को बनाए रखने और बढ़ावा देने में प्रत्येक

नागरिक, विशेष रूप से शिक्षकों, की जिम्मेदारी पर ज़ोर दिया। यह पहल लोकतांत्रिक भागीदारी और सामाजिक सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

दीपावली को UNESCO की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में आधिकारिक रूप से शामिल किए जाने के अवसर पर कला एवं संस्कृति निदेशालय की ओर से कल अंडमान क्लब में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। नई दिल्ली के लाल किले में आयोजित अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतर–सरकारी समिति के 20वें सत्र के दौरान यह मान्यता घोषित की गई। अंडमान क्लब में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीपावली की शाश्वत परंपराओं को जीवंत कर दिया गया। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी मुख्य अतिथि थी। उन्होंने कहा कि दीपावली को UNESCO द्वारा मान्यता मिलना केवल एक सांस्कृतिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि आध्यात्मिकता, समावेशिता और अंधेरे पर प्रकाश की जीत की भारत की सदियों पुरानी परंपराओं की वैश्विक स्वीकृति है। कला एवं संस्कृति निदेशक प्रियंका कुमारी ने इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल, अंडमान क्लब, नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप और द्वीपों के अन्य विरासत स्थलों को भी दीयों से सजाया गया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप पर प्रतीकात्मक मिट्टी के दीये जलाने का समारोह आयोजित किया गया। दीपावली को UNESCO की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में आधिकारिक रूप से शामिल किए जाने के अवसर पर यह कार्यक्रम रखा गया। द्वीप के विरासत स्मारकों पर मिट्टी के दीये जलाए गए। इस रोशनी ने न केवल दीपावली की वैश्विक मान्यता का स्मरण किया, बल्कि त्योहार के सामाजिक सद्भाव और अंधकार पर प्रकाश की शाश्वत जीत के स्थायी संदेश को भी रेखांकित किया।

<><><><><><><>

देश के एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी को देखने के लिए पर्यटकों और निवासियों की बढ़ती मांग को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने बैरन द्वीप के लिए जनवरी माह के राउंड क्रूज़ कार्यक्रम की

घोषणा की है। जलयान नालंदा नौ और इक्कीस जनवरी को रात नौ बजे रवाना होगा। इसके लिए टिकटों की बुकिंग विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। टिकट 15 दिसम्बर से सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए, सीधे पोर्टल से जुड़ने वाला एक क्यूआर कोड भी प्रदान किया गया है।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से एम.वी. कालीघाट की लिटिल अंडमान, कार निकोबार, चौरा, तेरेसा और कच्छाल होते हुए ननकौड़ी के लिए 25 दिसम्बर सुबह सात बजे की निर्धारित यात्रा कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कहा है कि अब यह जहाज इन्हीं मार्गों से होते हुए 26 दिसम्बर सुबह सात बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी के लिए छूटेगा और 29 दिसम्बर को सुबह पांच बजे ननकौड़ी से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग में ग्रुप–सी के विभिन्न पदों के लिए प्रतीक्षा सूची से चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की गई है। दस्तावेजों की जांच का कार्य 23 दिसम्बर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे के बीच अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में किया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>